सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 114 | इंदौर, शनिवार 09 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर में बना फिर ग्रीन कॉरिडोर, चार लोगों को मिला नया जीवन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में शुक्रवार को ब्रेन डेड रोगी के अंगदान से चार लोगों को नया जीवन मिला। इंदौर में 58वां ग्रीन कॉरिडोर सीएचएल हॉस्पिटल से बना। शाम सात बजे ग्रीन कॉरिडोर के जरिए पांच मिनट और सात मिनट में दो किडनी और दोनों आंखें दूसरे अस्पताल में भेजी गईं। इसके बाद अंगों का जरूरतमंद रोगियों में किया गया। ऑपरेशन की तैयारी पहले ही डाक्टरों ने कर रखी थी।

शाजापुर निवासी 44 वर्षीय मनीषा राठौर को एक सड़क हादसे के बाद इंदौर रेफर किया गया था। गुरुवार रात को उनके ब्रेन ने काम करना बंद कर दिया था। डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद मनीषा की बेटी ने अपनी मां के अंगदान का निर्णय लिया। मनीषा के परिजनों ने भीगी पलकों से अंगों को विदा किया।

### यूं बने कॉरिडोर

प्रथम ग्रीन कॉरिडोर केयर सीएचएल हॉस्पिटल से राजश्री अपोलो हॉस्पिटल तक शाम 6:45 से 6:52 तक बना। दूसरा ग्रीन कॉरिडोर केयर सीएचएल हॉस्पिटल से एमिनेंट हॉस्पिटल शाम 6.45 से 6:50 तक बना। इंदौर सोसाइटी फॉर ऑर्गन डोनेशन के अध्यक्ष व संभागायुक्त दीपक सिंह की अगुवाई मे ग्रीन कॉरिडोर बना। मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट के जीतू बांगानी और संदीपन आर्य ने भी परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित किया।

## कान्ह सरस्वती नदी पर अभ्यास मंडल ने प्रज्जवलित किए दीप

◆ नदी की स्वच्छता के लिए प्रार्थना की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अभ्यास मंडल के द्वारा कान्ह सरस्वती नदी पर शुक्रवार रात दीप महोत्सव आयोजित किया गया। कृष्णपुरा छत्री घाट पर मंडल के सभी सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित किए और नदी की साफ सफाई के कार्य में प्रगति के लिए प्रार्थना की। सभी ने कान्ह सरस्वती नदी से जुड़े अपने विचार साझा किए और कहा कि नदी में जब तक निर्मल जल नहीं बहेगा तब तक यह प्रयास जारी रहेंगे।

### नदी के प्रवाह में छोड़े दीप

इस मौके पर सभी सदस्यों ने नदी में भी दीप प्रज्जवलित करके नदी के प्रवाह में छोड़े और वंदना की। कार्यक्रम में रामेश्वर गुप्ता, शिवाजी मोहिते, माला सिंह ठाकुर, गौतम कोठारी, स्वप्निल व्यास आदि बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

सदस्यों ने बताया कि कान्ह एवं सरस्वती नदी के शुद्धिकरण के लिए भी किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाना होगी। जल्द इसका सोशल ऑडिट कराया जाना चाहिए। नगर निगम, जिला प्रशासन एवं शासन को कान्ह, सरस्वती नदी के शुद्धिकरण में तेजी लाने के लिए मंडल लगातार प्रयास करेगा। इस प्रोजेक्ट का सार्थक नतीजा निकले, नदी में शुद्ध जल बहे इसके लिए ठोस प्रयास करेंगे। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किय जाएगा।

**Behind The Screen...**

# Real Motive of Khalistanis..!

**DGR @ Canada desk**

Khalistan movement is not about making a separate country out of India, they also understand that this is impossible, Their main agenda is to ignite the fight and use it to get refugee/ asylum status in Canada.

This is going on since decades but has increased tremendously in the recent years.

Everyone wants to get PR, but as CRS points are out of reach, these people have started exploring asylum route.

When they attacked the temple, they were hoping that this will cause reaction back home in India, God FORBID,, if some incident happens in India against the sikh community, their immigration lawyers will use that to get their



asylum approved.

"Weekend Story"

They have used Farmers Protest to get asylum. Many students whose PGWP are expiring, they are showing up in Khalistani protest, get their pictures clicked and use them in courts to say that their life would be in danger if they are deported.

Moreover, the federal government is duty bound by international law to provide trial to anyone who claimed asylum, but Canada doesn't have fast track courts, and application is generally taking 5-7 years, this means they can still stay in Canada till their case is decided.

This hatred they show against Hindus is due to greed of staying in Canada and exploit the loop holes of Canadian laws.

◆ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज इंदौर में देंगे अनेक सौगातें

# लाड़ली बहना योजना के तहत 1.29 करोड़ बहनों को मिलेगी 1250 रूपये की नवम्बर माह की किश्त-इंदौर से करेंगे 1574 करोड़ रूपये अंतरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 09 नवम्बर को दोपहर 3.15 बजे इंदौर आयेंगे। इंदौर में वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा अनेक सौगातें देंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव नेहरु स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत 1.29 करोड़ बहनों को 1250 रूपये की नवम्बर माह की किश्त के रूप में 1574 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। साथ ही वे ढ़क्कन वाला कुंआ स्थित ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के साढ़े 4 सौ से अधिक दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित करेंगे। इसके अलावा वे आईटीसी में आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव नेहरु स्टेडियम में आयोजित 5 हजार से अधिक बालिकाओं के द्वारा तलवार चलाने के वर्ल्ड रेकार्ड बनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे प्रदेश की लाड़ली बहनों को नवम्बर माह की किश्त का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 9 नवम्बर को इंदौर से 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अक्टूबर 2024 तक मासिक आर्थिक सहायता राशि की कुल 17 किश्तों का अंतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त माह अगस्त 2023 एवं 2024 में (कुल 2 बार) लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना के प्रारंभ में पात्र हितग्राहियों को एक हजार रूपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 का संचालन किया जा रहा है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 18 हजार 984 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के साढ़े 4 सौ से अधिक दिव्यांगजनों को विभिन्न तरह की मदद राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार की एडिप योजना तथा अवंतिका गैस एजेंन्सी के सीएसआर के साथ साथ भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से करेंगे। वे जिले के 155 दिव्यांगजनों को मोट्रेट ट्रायसाइकल, निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 81 छात्र/छात्राओं को लेपटॉप, 6 दम्पतियों को मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता, 130 दिव्यांग वृद्धजनों को डिजिटल श्रवण यंत्र, 99 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, बैशाखी, कैलीपर्स प्रदान करेंगे। इस तरह जिले के कुल 470 दिव्यांगजनों को कुल 1 करोड 20 लाख रुपये की सामग्री का वितरण होगा। इसके अलावा कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर तैयार किये गये दिव्यांगजनों को सशक्त पोर्टल के माध्यम से निजी क्षेत्र की कम्पनियों में चयनित पाँच दिव्यांगजनों को नियुक्ति-पत्र भी सौंपेंगे।

यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# अवैध रूप से संचालित 7 ट्रैवल एजेंसियों को किया गया सील

◆ चार बसों को किया गया जप्त

◆ चालानी कार्रवाई कर वसूले 1 लाख 7 हजार 500 रूपये




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, पुलिस और नगर निगम के अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज मुसाखेड़ी रोड पर मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। मुसाखेड़ी रोड पर अवैध रूप से संचालित ट्रैवल एजेंसियों द्वारा बसें मुख्य मार्ग में खड़ी करके यातायात बाधित किया जा रहा था, जिससे आम जनों को परिवहन में बाधा हो रही थी। 7 ट्रैवल एजेंसी जो अवैध रूप से संचालित थी, उनका कार्यालय सील किया गया, वहीं 18 ट्रेवल एजेंसियों को चेतावनी दी गई है। 4 बसों को जप्त कर ट्रैफिक थाने में खड़ा करवाया गया है। 7 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। 25 बसों को चेतावनी दी गई। इस दौरान सड़क पर अवैध रूप से रखा हुआ सामान भी जप्त किया गया। कार्रवाई में कुल 85 हजार रुपए ट्रैवल एजेंसी से चालान के वसूले गये, वहीं 22 हजार 500 रुपए की अन्य चालानी कार्रवाई की गई। इस प्रकार 1 लाख 7 हजार 500 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। एक ट्रक सामान जप्त किया गया। साथ ही अमर ज्योति ट्रैवल, बाबा ट्रैवल, जय भवानी ट्रैवल, ओम साइन ट्रैवल, एमआर ट्रेवल्स, चौहान ट्रैवल सहित अन्य अवैध रूप से संचालित ट्रैवलों को सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री ओमनारायण सिंह बड़कुल, एसीपी श्री हिंदु सिंह मुवेल, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता, सूबेदार श्री काजिम हुसैन, यातायात पुलिस की टीम, नगर निगम के जेडओ श्री हिंडोलिया, बिल्डिंग ऑफिसर श्री धीरेंद्र सिसोदिया, श्री राजेन्द्र यादव, श्री पंकज यादव और नगर निगम अतिक्रमण टीम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## इंदौर एयरपोर्ट पर अब हर यात्री को मिल सकती है वीआईपी सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट पर मीट एंड ग्रीट सुविधा शुरू हुई है। इस सुविधा का लाभ उठाने वालों को एयरपोर्ट पर वीआईपी जैसा सत्कार होगा। थोड़े से पैसे चुकाकर पर्सनल अटेंडर यात्री ले सकते है, जो चेक-इन, बोर्डिंग,टैक्सी बुक करने से से लेकर सामान उठाने में आपकी मदद करेगा। देश के कई बड़े एयरपोर्ट पर यह सुविधा मौजूद है। नए साल से यह सुविधा एयरपोर्ट पर शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिए है।इस सुविधा का लाभ उठाने वालों को 100 रुपये से लेकर 300 रुपये तक का शुल्क चुकाना होगा। अकेले सफर कर रहे बुजुर्ग, नाबालिगों को इससे फायदा होगा,क्योकि अटेंडर एयरपोर्ट की हर गतिविधियों से अच्छी तरह वाकिफ है और उनकी मदद से काम आसान हो जाएंगे। कई बार बुजुर्ग अकेले सफर करते है और उनके बच्चों को विमान से कैब बुक करने और सामान उठाने में आने वाली परेशानी को लेकर अक्सर चिंता रहती है। इस सुविधा के तहत वे अटेंडर बुक कर बुजुर्गो को उनका नंबर देकर निश्चिंत हो सकते है। इस सुविधा के तहत कन्वेयर बेल्ट से सामान सहित टर्मिनल तक छोड़ने के 300 रुपये चुकाना होंगे। इसके अलावा एंट्री गेट से बोर्डिंग गेट तक सामान सहित छोड़ने के लिए 300 रुपये का शुल्क है। ट्रांसपोर्ट और होटल बुकिंग में मदद और सलाह देने के 100 रुपये रहेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने वालों के लिए कंपनी अलग से विशेष ट्राली भी उपलब्ध कराएगी।



## कलेक्टर आशीष सिंह ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा आज स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी, निर्वाचन प्रकोष्ठ के नगर संयोजक श्री मनोहर मेहता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले 11 बी.एल.ओ. को कारण बताओ नोटिस जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले 11 बी.एल.ओ. को अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन्दौर जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता दिनांक 01.01.2025 के अनुसार कार्यवाही 29 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो गई है। इस कार्य में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्र पर कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर दावे आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है।**

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि समीक्षा में जानकारी प्राप्त हुई कि बी.एल.ओ. के रूप में नियुक्त श्रीमती रीता राय माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल खातीपुरा, श्री अंकित शर्मा सहायक ग्रेड-3 कार्यालय उपायुक्त वाणिज्य कर संभाग-2, श्री साहेब शरण निर्मल सहायक ग्रेड कार्यालय इन्दौर विकास प्राधिकरण, श्रीमती रीमा राठौर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.इन्दौर (ग्रामीण), श्रीमती वंदना चौधरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि-1 इन्दौर, सुश्री कविता दवाने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.क्र. शहरी, श्रीमती बसन्ती गेहलोद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि.क्र. शहरी, श्रीमती रंजनी निगम प्रा. शिक्षक कार्या संकुल प्राचार्य शा.उ.मा.वि.राऊ इन्दौर, श्रीमती सुनीता नरगावे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्या. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परि. क्र. शहरी, श्री रविन्द्र चौहान सहायक ग्रेड-3 कार्या. सहायक आयुक्त वाणिज्यिक कर वृत्त-13 इन्दौर, श्रीमती हेमलता ठाकुर प्राथमिक शिक्षक कार्या. संकुल प्राचार्य शा.उ.मा.वि.रालामंडल इन्दौर द्वारा आदेश जारी किये जाने के उपरांत भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उक्त कर्मचारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं।

# घर से लाखों का माल उड़ाया

## अनेक स्थानों पर हुई चोरी की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक घर से लाखों रुपए का माल चोरी होने के मामले में परिचित पर शंका जताते हुए केस दर्ज कराया गया है। वहीं अन्य स्थानों पर भी बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।**

अर्पणा पति कीर्ति मेहता निवासी क्लर्क कालोनी ने परदेशीपुरा पुलिस को बताया कि वह निजी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रही है। उसकी बहन, मां और 80 साल की दादी चंद्रकांता रहती है। पिता को तीन साल से पैरालिसिस है। पिता की मदद के लिए केयर टेकर की आवश्यकता थी। उनके यहां राहुल मालवीय निवासी मंदसौर डेढ़ साल से आ रहा था, लेकिन दीपावली की छुट्टी के चलते वह घर चले गया। इसके बाद पिता की देखरेख के लिए कबीटखेड़ी के श्रीयांशी होम हेल्थ केयर पर संपर्क किया। यहां दीपक भारती से बात हुई तो उन्होंने पहले दिन शिवम सिसोदिया को भेजा। 6 नवंबर को शिवम काम करके चले गया। अगले दिन उसका भाई अजय आया। घर पर उस समय दादी और पिता ही थे। अर्पणा का आरोप है कि दोपहर में वह घर पहुंची तो पता चला कि अजय सोने का नेकलेस, ब्रेसलेट और 50 हजार ले गया है।

### कार से आए और आलू के कट्टे ले भागे

इसी प्रकार खुड़ैल थाने में फरियादी देवीलाल पिता गोपाल तरोलिया ने कार नंबर एमपी 09- एचई 9000 के चालक और एक अन्य की शिकायत की। इसमें कहा कि उसके घर के पास आलू के 37 कट्टे रखे थे, जो चोरी हो गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कार सवार दो युवक कट्टे ले जा रहे हैं। आलू की कीमत ढाई हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने कार सवार युवकों को हिरासत में लिया है। वहीं स्कीम नंबर 136 में रहने वाले द्वारकादास पिता जगन्नाथ चौहान ने बताया कि मेरे घर के समीप प्लाट पर कंस्ट्रक्शन के लिए 6 नग सेंटिंग रखी हुई थी। आसपास के रहवासियों की मदद से सेंटिंग चुराने के मामले में लसूड़िया पुलिस ने मनीष पिता सुरेश सोनेर निवासी खुड़ैल और अनिल पिता कैलाश मुनावत निवासी मालवीय नगर को पकड़ा।

### ड्राइवर ने ट्रक से चुराया सामान

उधर, चंदन नगर पुलिस को राजेश जाट निवासी महेश्वर ने बताया कि उनका ट्रक एक हफ्ते से ड्राइवर दीपक बारीक के पास है। दीपक ने उज्जैन से 500 लीटर डीजल भराया और सीमेंट भरकर खेतिया रवाना हो गया। ट्रक जगदीशपुरी कॉलोनी में खड़ा कर 50 लीटर डीजल चोरी कर लिया। यह भी पता चला कि खेतिया में माल पहुंचाया था, वहां सीमेंट की 10 बोरियां कम निकली। आरोपी पहले भी 15 क्विंटल सोयाबीन चोरी कर चुका है।

### जेवरात के साथ बर्तन भी ले गए

बदमाशों ने कोटा गए युवक के घर पर धावा बोलकर वहां से लाखों के जेवरात और बर्तन चुरा लिए। सौरभ डोसी निवासी शिक्षक नगर ने एरोड्रम पुलिस को बताया कि वे परिवार के साथ 2 नवंबर को कोटा गए थे। वहां से 5 नवंबर की शाम लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा है। चोर उनके घर से बाली, नाक के कांटे 4 नग, चांदी के जेवरात, 2 गिलास, चांदी के हार 5 सेट, चांदी की पूजा की 2 थाली, 5 जोड़ चांदी की चूड़ी, 5 सिक्के, 10 घड़ियां, 1 इलेक्ट्रॉनिक घड़ी और 45 हजार रुपए ले गए। पुलिस जांच कर रही है।

### यहां भी वारदात

इसी तरह चंदन नगर में किराना व्यापारी के यहां चोरी की वारदात हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रीन पार्क कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद मुस्तकीम ने बताया कि किराना की दुकान का संचालन करते हैं। 1 नवंबर की रात वह घर पर ताला लगाकर अहमदाबाद गए थे। गुरुवार सुबह वापस आए तो उन्हें ताले टूटे मिले। जिसमें घर की अलमारी से सोने के पेंडल, चैन, टॉप्स,आधा किलो लगभग चांदी के जेवर और 36 हजार नगदी रूपए नही थे। थाने जाकर पुलिस को मामले की जानकारी दी है।

**एक्शन मोड में ट्रेफिक पुलिस**

## सर्विस रोड पर खड़ी चार यात्री बसें की जब्त, लगाया जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** यातायात सुधार को लेकर इंदौर क ट्रैफिक पुलिस द्वारा जहां लापरवाह वाहन चालकों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है, वहीं अब एक्शन मोड में आते हुए जिन वाहनों से यातायात में बाधा आत है उन्हें जब्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूला जा रहा है। इसी कड़ी में मूसाखेड़ी से तीन इमली के बीच रिंगरोड और सर्विस रोड पर यात्री बस खड़ी करने वालों पर ट्रेफिक पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान आरटीओ, पुलिस की मदद से चार बसों को जब्त कर उन पर जुर्माना लगाया गया।

ट्रेफिक पुलिस ने जय भवानी, राहुल बस, ओम सांई राम, बाबू, बाबा धारीवाल, एमआर ट्रैवल्स कबीर, चौहान, अमर ज्योति बस ऑपरेटर के अवैध बुकिंग ऑफिस पर कार्रवाई की गई। 5 बसों का मौके पर चालान बनाकर 22500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ट्रेवल्स की 25 और रोड बाधित करने वाली बसों को चेतावनी देकर रिंगरोड पर से हटाया गया। कार्रवाई में ट्रेफिक के सहायक पुलिस आयुक्त हिन्दू सिंह मुवेल, डिप्टी कलेक्टर ओमप्रकाश बड़कुल, एआरटीओ गुप्ता, निगम के जोनल ऑफिसर निर्माता हिंडोलिया मौजूद थे।

## 1 लाख से अधिक की सायकिल चुराने वाला गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक अपार्टमेंट में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 1 लाख रुपए से अधिक सायकिल चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां काम की तलाश में पहुंचा था और मौका पाकर सायकिल चुराकर भाग निकला। पुलिस ने तीन दिन तक रैकी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार क्रिश पिता महेन्द्र मंडलोई निवासी सुहाग प्रोविजन के पीछे शिवधाम कालोनी लिंबोदी ने बताया कि वह प्रोफेशनल साइकल रेसर है। ओपन इंटरनेशनल इंडो नेपाल चेम्पियनशीप में फर्स्ट रनरअप रहा है। कुछ दिन बाद वह स्टेट लेवल एमटीबी चेम्पियनशिप में भाग लेने भोपाल जाने वाला था। इसके पहले ही उसकी (एक्सकेलिवर 8 स्पोर्ट प्रोफेशनल रेसिंग साइकल) घर के बाहर से चोरी हो गई। थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम के अनुसार, फरियादी ने 2 नवंबर को सवा दो से सवा तीन बजे की बीच साइकल चोरी होने की बात कही है। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। इसमें संदिग्ध युवक उक्त साइकल के साथ दिखा। पुलिस उसे फालो करते हुए लिंबोदी गेट, खंडवा नाका, आईटी पार्क, भंवरकुआ, सिंधी कालोनी, लोहा मंडी, गाड़ी अड्डा, रावजी बाजार, कलालकुई मस्जिद, पागनीसपागा, हरसिद्धि, मच्छी बाजार से बंबई बाजार तक पहुंची। इस दौरान 200 कैमरे खंगाले। दूसरे दिन फिर पुलिस ने बंबई बाजार से मच्छी बाजार, कबाड़ा मार्केट, पंढरीनाथ, रावजी बाजार एवं जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के कैमरों को देखा। इन कैमरों में भी संदिग्ध युवक साइकल के साथ दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर जूनी इंदौर ब्रिज के पास से आरोपी संजय पिता मदनसिंह कौशल निवासी जबरन कालोनी को पकड़ा। उसने बताया कि वह कई दिनों से रोजगार की तलाश में है। रोजगार के लिए लिंबोदी स्थित अपार्टमेंट में गया था। नौकरी नहीं मिली तो साइकल चुरा ली, ताकि इसे बेचकर कुछ पैसा कमा सकूं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## रुपयों के विवाद में भाभी को चाकू मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उधार दिए गए रूपए को लेकर हुए विवाद में देवर ने भाभी को चाकू मार दिया वहीं भाई को भी पीट दिया। हीरानगर पुलिस के मुताबिक विवाद रघुनंदन बाग झोपड़ पट्टी में हुआ। घायल मधु पति जितेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सेतु निवासी पलासिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा देवर सेतु हमारे घर पर आया। हम आपस में पारिवारिक बातें कर रहे थे तभी देवर ने मेरे पति से कहा कि मेरे 600 रूपए वापस दो। हमने कहा कि अभी हमारे पास नहीं है बाद में दे देंगें। इसी बात से नाराज होकर आरोपी देवर ने गालियां दी और हाथ मुक्कों से मारपीट की। उसने मेरे घर में पड़े सब्की काटने वाला चाकू उठाया और चेहेर पर मार दिया। चाकू गाल में लगने से खून बहने लगा था। हमले के बाद वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

## युवती का रास्ता रोका, की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आरोपी ने एक युवती को शादी के लिए धमकाया और रास्ता रोक कर मारपीट कर दी। खजराना पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय पीड़िता के साथ घटना प्रगमेटिक स्कूल के पास वेलोसिटी के पीछे हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी दीपक विश्वकर्मा निवासी गोवर्धन जिला जालौन उत्तर प्रदेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे रोक लिया था और जमकर पीटा। उसने गाली दी और धमकाया कि कहीं और शादी की तो जान से मार देगा।

उधर, एरोड्रम इलाके में उधार लिए गए रूपए नहीं चुकाने पर आरोपियों ने दुकान में घुसकर दुकानदार पर लात घूसों और डंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना एरोड्रम पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना छोटा बागंड़दा रोड पर साहू ग्राफिक्स एंड लैक्स श्रीनाथ स्ट्रीट के सामने हुई। घायल का नाम योगेश पिता मनोज साहू निवासी न्यू गोविंद कालोनी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अर्जुन ठाकुर,उ'ज्वल चौहान और विजय पंवार निवासी अरबिंदो अस्पताल के पास के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैंने दो माह पहले आरोपी अर्जुन ठाकुर से 20 हजार रूपए उधार लिए थे बोला था कि थोड़े थोड़े कर के वापस कर दूंगा। उन्हीं रूपयों की बात को लेकर आरोपी मेरी दुकान पर आए और भीतर घुसकर विवाद किया। मुझे गालियां दी और लात घूसों और डंडो से हमलाकर दिया। मापीट में मुझे चोटें आई हैं।

## पार्टी में झगड़ा, चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चिकन पार्टी के दौरान युवकों के बीच रोटी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि आपस में चाकू चल गए। एक दूसरे से हमले में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक विवाद और चाकूबाजी की घटना थाना खुड़ैल क्षेत्र में ग्राम कंपेल में हुई। एक पक्ष से लक्ष्मण उर्फ केशव पिता सोहनलाल ग ौड़ निवासी बक्षीबाग हाल मुकाम कंपेल कि रिपोर्ट पर आरोपी आशुतोष उर्फ छोटू निवासी बापजी नगर,और भोला उर्फ गौरव निवासी कमाठीपुरा इंदौर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि हम पार्टी कर रहे थे। आरोपी भोला उर्फ गौरव और आशुतोष उर्फ छोटू ने मुझे रोटी बनाने का बोला। जब उसने कहा कि थोड़ी देर बाद बनाता हूं। इस बात पर विवाद हुआ। आरोपियों ने गालियां दी और मारपीट की। मुझे पकड़कर आरोपी आशुतोष उर्फ छोटू ने बडे चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसे हाथ और आंख के ऊपर चाकू लगा । पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी गौरव उर्फ भोला गौड़ की रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण गौड़ पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पंचायत के पास तालाब किनारे पार्टी के दौरान उसने आरोपी लक्ष्मण को रोटी बनाने का बोला। उसने मना कर दिया और गालियां दीं। फिर सब्जी काटने वाले चाकू से गले में वार कर दिया जान से मारने की धमकी भी दी।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**इंदौर।** लोहामंडी रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम संदीप पिता मोतीलाल निवासी राधा गोविंद का बगीचा है। वह रात को काम करके घर आ रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। रावजी बाजार पुलिस ने मर्ग कायम मामले में जांच कर रही है।

## दुकानदार को मारी तलवार

**इंदौर।** चोइथराम फल मंडी में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्रों ने एक दुकानदार को लात घूसों और तलवार से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। थाना राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक हमले की घटना चोइथराम फल मंडी में कोल्ड स्टोर के पास हुई। घायल का नाम विजय पिता किशोर टेटवाल निवासी तेजपुर गड़बड़ी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी नंदू साहू,शैलेंद्र साहू और नितिन साहू निवासी नंदलालपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि दुकान लगाने की बात पर से नाराज होकर नंदू और उसके दोनों लड़के मुझे गालियां देने लगे मैंने उन्हें गालियां देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपी नितिन ने मुझे तलवार से सिर में वारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने धमकाया कि यहां दुकान लगाएगा तो जान से खत्म कर देंगे पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

सीएस अनुराग जैने बोले-

# भोपाल, इंदौर समेत सभी शहरों के मास्टर प्लान समयसीमा में पूर करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों के मास्टर प्लान पर नए सिरे से काम हो रहा है। शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मास्टर प्लान को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को सभी शहरों के मास्टर प्लाना तय समय-सीमा में पूरे करने को कहा। टाउन एंड कंट्री प्लानिक के एक अधिकारी के अनुसार भोपाल का मास्टर प्लान लगभग तैयार है और सरकार से मंजूरी मिलने के एक महीने के अंदर नया ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। बता दें भोपाल के मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को जनप्रतिनिधियों की आपत्ति के बाद रद्द कर दिया गया था। मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को बुनियादी ढांचे के विकास की लागत क कवर करने के लिए लैंड पूलिंग प्रणाली को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे भूमि अधिगृहण की प्रक्रिया आसान होगी। उन्होंने



अधिकारियों को मास्टर प्लान जल्द पूरे करने और उनको योजनाबद्ध तरीके से लागू करने की बात कही है।

### ड्राफ्ट प्रकाशित होने में लगेगे सात से आठ माह

नगरीय प्रशासन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट फिर से तैयार किया जा रहा है। इसमें दावे आपत्ति आमंत्रित की जाएगी और उसके बाद ड्राफ्ट मंजूरी के लिए सरकार को भेजा जाएगा। इस ड्राफ्ट को प्रकाशित होने की प्रक्रिया में अभी सात से आठ माह का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंजूरी मिलने के बाद ड्राफ्ट का प्रस्ताव प्रकाशित करेंगे। बता दें भोपाल में 2005 के मास्टर प्लान के अनुसार ही विकास की योजनाएं बनाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश सरकार अब भोपाल के विकास के लिए एक नए मास्टर प्लान का निर्माण कर रही है, जो वर्ष 2047 तक की आबादी, ट्रैफिक और इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकताओं को ध्यान में रखेगा।

सीहोर में वृद्धा से हैवानियत

## पहले गला घोंट कर की हत्या फिर चांदी के कड़े निकालने के लिए काट डाले पैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में दिल दहलाने वाला हत्याकांड सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला के पैरों से चांदी के कड़े चुराने के लिए पहले महिला का गला दबाकर उसकी हत्या की गई, फिर उसके पैरों के पंजे काट दिए गए ताकि कड़े निकाले जा सकें। बाद में शव नाले में फेंककर बदमाश भाग निकले।**

जानकारी के अनुसार मामला आष्टा थाना के गुराडिया रूपचंद गांव का है। बदमाशों ने खेत पर काम कर रही अकेली बुजुर्ग महिला के पैरों से चांदी की कड़ी निकालने के लिए उसके दोनों पैर काट दिए। पुलिस के अनुसार गुराडिया रूपचंद निवासी मोतन बाई पत्नी हमीर सिंह मालवीय (75) प्रतिदिन की तरह शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब अपने खेत पर गई थी। जब वह शाम को 5 बजे तक भी घर नहीं लौटी तो परिजन ने तलाश शुरू की। इस दौरान खेत के नजदीक नाले के पास महिला के पैरों कटा शव मिला। इससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

परिजनों के अनुसार महिला के पैरों में चांदी के कड़े भी गायब थी। सूचना मिलने पर आष्टा थाना टीआई रविंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस संबंध में एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि शव को देखते हुए लग रहा है कि अज्ञात आरोपियों ने पहले बुजुर्ग महिला का गला घोंट कर हत्या की। उसके बाद दोनों पैर कांटे। फिर चांदी के आभूषण कड़ी निकाली। घटना से ग्रामीणों में दहशत देखने को मिल रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में घर से डेढ़ किलोमीटर दूर महिला का खेत है। शाम करीब 5 बजे तक घर नहीं लौटी, तो बेटा देखने के लिए खेत पर पहुंचा। जब मां नहीं दिखी, खटिया पर मां का चश्मा पड़ा था। बिना चश्मे के मां कहीं नहीं जाती तो उसे चिंता हुई और उसने मां को तलाश करना शुरू कर दिया। खेत के पास में ही नाले में देखा उसे मां की पैर कटी लाश मिली। महिला के चार बेटे हैं।

## श्रीधाम एक्सप्रेस में ट्रॉली बैग समेत तीन लाख का सामान चोरी

बैतूल के दंपति ने की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। श्रीधाम एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक दंपति का ट्राली बैग चोरी हो गया। बैग में मोबाइल फोन और जेवरात समेत करीब 3 लाख रुपये का सामान रखा था। जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बैतूल निवासी नारायण सिरोरिया श्रीधाम एक्सप्रेस में पत्नी रोशनी के साथ इटारसी से ग्वालियर की यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपना ट्राली बैग पत्नी की सीट नंबर 70 के नीचे रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने पर देखा तो उनका बैग चोरी हो चुका था। विदिशा में ट्रेन से उतरने के बाद वह भोपाल लौटे और जीआरपी जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

चोरी गए बैग में एक रियलमी कंपनी का मोबाइल, एक सोने का नेकलेस वजनी 20 ग्राम, एक सोने का मंगलसूत्र वजनी करीबन 10 ग्राम, एक जोड़ी सोने के कान की झुमकी वजनी 13 ग्राम, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल वजनी करीबन 500 ग्राम, एक जोड़ी चांदी की पायल बच्ची की, नगदी 6000 रुपए, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, इस्तेमाल वाले कपड़े, दो चार्जर, कास्मेटिक का सामान समेत कुल करीब 3 लाख का माल रखा हुआ था।

## सब-जेल से भागे दो कैदी,पीछा कर पकड़ा

**जबलपुर।** जबलपुर मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पाटन उप जेल से शुक्रवार की सुबह दो कैदी फरार हो गए। जानकारी लगते ही जेल विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने दोनों कैदियों को आधा किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि दोनों कैदियों की मदद के लिए किसी अज्ञात व्यक्ति ने जेल के पीछे सीढ़ियां लगा कर रस्सी फेंकी थी। रस्सी की मदद से दोनों कैदी दीवार के ऊपर चढ़ गए थे। लेकिन ऐन वक्त पर सीढ़ी नीचे गिर गई। जेल के पीछे की 15 फीट ऊंची दीवार को पार करते समय दोनों कैदियों के पैर और कमर में चोट लग गई थी। दोनों कैदी खेत में लंगड़ाते हुए भाग रहे थे। सूचना मिलते ही जेलर हेमेन्द्र बागरी मौके पर पहुंचे और दोनों कैदियों को आधा किलोमीटर दूर ग्राम वनवार से पकड़ लिया। पीछा करने के दौरान जेलर के पैर में भी चोट आई है।

# खाने में ऑर्डर की सेव-टमाटर की सब्जी, पैकेट में से निकली हड्डी

महाकाल की नगरी की होटल का कारनामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में रोजाना हजारों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आते हैं और मालवा के विशेष व्यंजनों का भी आनंद लेते हैं। कुछ लोग होटल-रेस्टोरेंट में जाकर भोजन का लुत्फ उठाते हैं, तो कुछ ऑनलाइन ऑर्डर करना पसंद करते हैं। लेकिन हाल ही में उज्जैन में एक ऐसी घटना घटी, जिसने शहर में हलचल मचा दी और रेस्टोरेंट को बंद कराने की नौबत आ गई।

राजगढ़ से आए श्रद्धालु मनोज चंद्रवंशी ने हरीफाटक रोड स्थित न्यू नसीब रेस्टोरेंट से सेव-टमाटर की सब्जी ऑनलाइन ऑर्डर की। जब उन्होंने पैकेट खोला, तो उसमें सब्जी की जगह हड्डी देखकर हैरान रह गए। मनोज ने तुरंत इस घटना की जानकारी नीलगंगा थाने और खाद्य विभाग को दी। मनोज, खाती मंदिर में ठहरे हुए थे, और मंदिर में हड्डी पहुंचने की खबर से श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया।

**वेज-नॉनवेज पका रहे थे एक ही बर्तन में-** खाद्य विभाग की टीम ने जब रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया, तो कई अनियमितताएं पाई गईं। वेज और नॉनवेज एक ही किचन में बनाए जा रहे थे, जिससे साफ-सफाई के मानकों का उल्लंघन हो रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा ने बताया कि इस गंभीर मामले के चलते न्यू नसीब रेस्टोरेंट का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है और व्यवसाय को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। इस घटना ने उज्जैन के धार्मिक वातावरण में भोजन सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया और भोजन की गुणवत्ता व सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता जताई।

# शराब पकड़ने आई महिला एसआई का अम्मा ने कर दिया ऐसा हाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। आबकारी विभाग की टीम अवैध शराब की सूचना मिलने के बाद देवास में छापेमारी करने पहुंची थी। महिला अफसर जब एक घर में छापेमारी के लिए घुसी तो बुजुर्ग महिला उस पर टूट पड़ी। इसके साथ ही महिला अफसर की उसने वर्दी फाड़ दी है। झूमाझटकी के दौरान घर में मौजूद युवक अवैध शराब की पेटी लेकर भाग गया है। महिला अफसर के साथ झूमाझटकी का वीडियो सामने आया है। आबकारी की टीम सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत के बाद छापेमारी करने पहुंची थी।**



यह पूरा मामला ग्राम बड़ी चूरलाई का है। किसी ने सीएम हेल्पलाइन पर अवैध शराब की बिक्री की शिकायत की थी। शिकायत के बाद आबकारी की टीम प्लानिंग के तहत गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। आबकारी की महिला अफसर जब घर में घुसी तो उसी के ऊपर हमला हो गया। इसका फायदा उठाकर शराब तस्कर वहां से फरार हो गया। छापेमारी के दौरान आबकारी सब इंस्पेक्टर निधि शर्मा आरोपी के घर में घुसीं। इस दौरान वह तलाशी ले रही थीं, तभी बाहर से गेट बंद कर दिया गया। एक बुजुर्ग महिला प्लान के तहत निधि शर्मा पर टूट पड़ी। उसने वर्दी फाड़ दी। इसके साथ ब्लूटूथ तोड़ दिया है। एसआई वहां से निकलने के लिए संघर्ष करती रहीं लेकिन महिला छोड़ने को तैयार नहीं थी। वहीं, आबकारी विभाग की टीम ने इस घटना की जानकारी स्थानीय बरोठा थाना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। सोनकच्छ में पदस्थ आबकारी अधिकारी निधि शर्मा का कहना है कि सीएम हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत मिलने के बाद हमारी टीम बड़ी चुरलाई पहुंची थी, उस वक्त यह विवाद हुआ है।

## समोसा खाने से बच्चे को होने लगी उल्टियां, देखा तो निकली छिपकली

**रीवा।** शहर में 5 साल के बच्चे की समोसा खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई। इस समोसे में मरी छिपकली थी, जिसे खाने के बाद उसे उल्टियां शुरू हो गई और पेट में दर्द होने लगा। मामला गत गुरुवार 7 नवंबर की रात का है। परिजनों ने उसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर के अनुसार बच्चा अभी ठीक है। उसे एहतियात के तौर पर आईसीयू में रखा गया है। परिजन ने गत गुरुवार को ही पुलिस से शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची। यहां बच्चों के परिजनों ने पुलिस को फोटो और वीडियो सौंपे। शुक्रवार को खाद्य विभाग ने होटल पहुंचकर जांच की। इसके बाद उसका लाइसेंस सस्पेंड कर दिया। 5 साल के श्रेयांस शर्मा ने एक होटल से समोसा खरीदा। आधा समोसा खाने के बाद उसे कुछ अजीब स्वाद लगा। फिर बच्चे ने जब ध्यान दिया तो उसमें छिपकली का सिर और आंखें नजर आई। इसके बाद उसे तकलीफ होना शुरू हो गई। तब बच्चे और उसके परिजन को इसका पता चला। बच्चे के परिजन सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चे को भूख लगी तो उसे मेरे भतीजे ने सुरेश कुशवाहा के होटल से समोसा और जलेबी दिलाई और आधा खाने के बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई।

## संपादकीय

# महंगाई के जाल में फंसी थाली

अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की खबरें सबको अच्छी लगती हैं, लेकिन अगर इस चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने के सामान में भी कटौती करनी पड़े, तब यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है! अन्य जरूरी सामान के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की चढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इस बीच पिछले कई महीनों से सब्जियों के दाम लगातार इस स्तर पर बने हुए हैं कि लोगों की थाली से सब्जियां भी गायब रहने लगी हैं। मुश्किल सिर्फ सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और अनाजों की खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ जाता है। गौरतलब है कि बुधवार को जारी एक एजंसी की ताजा रपट के मुताबिक शाकाहारी थाली की कीमत में एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में बीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो गई है। दरअसल, कम आय वर्ग के लोगों के लिए पिछले कई महीनों से खाने-पीने का सामान सहजता से खरीदना मुश्किल ही था। मगर अब स्थिति यह हो गई है कि ऐसे लोग अक्सर दिख जाते हैं, जो बाजार में सब्जियों की कीमतें पूछते हैं और बिना खरीदे मायूस मन के साथ आगे बढ़ जाते हैं। रपट के मुताबिक, अक्तूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर छियालीस फीसद बढ़ीं, जबकि आलू के दाम में इक्यावन फीसद का इजाफा हुआ। इसी तरह, टमाटर के भाव उनतीस रुपए प्रति किलोग्राम से आगे बढ़ते हुए एक वर्ष पहले की समान अवधि के मुकाबले चौंसठ रुपए प्रति किलोग्राम हो गए। टमाटर सौ रुपए प्रतिकिलो या इससे ज्यादा भाव पर भी बिका। अन्य कई हरी सब्जियां भी आमतौर पर अस्सी या सौ रुपए प्रति किलो बिक रही हैं। भोजन की थाली में सब्जियां एक तरह का संतुलन बनाती हैं। अब इनके लगातार महंगे बने रहने का असर दालों की कीमतों पर भी पड़ा है। सच यह है कि महंगाई एक दुश्चक्र की तरह लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और एक समय तात्कालिक कारणों से बाजार में उतार-चढ़ाव के तौर पर देखी जाने वाली स्थितियां अब आम रहने लगी हैं। एक समय कई बार लोग कुछ समय तक समझौता करके महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। लेकिन अब महंगाई में निरंतरता की वजह से संतुलित भोजन पहुंच से बाहर हो रहा है। एक ओर, रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने के लिए कुछ कदम उठाता रहता है, तो दूसरी ओर सरकार आए दिन लोगों को भरोसा देती रहती है। हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों से रोजी-रोजगार की फिक्र में लोग यह भी भूलते जा रहे हैं कि उनकी थाली में न्यूनतम चीजें क्या-क्या होनी चाहिए। ज्यादातर लोगों की आय में कमी होने या काम-धंधे में मंदी की स्थिति कायम रहने की वजह से उनकी क्रयशक्ति लगातार सिकुड़ती गई है। कई मामलों में सामान की खरीदारी में कटौती की आंच अब थाली तक भी पहुंच चुकी है। यह एक दुखद स्थिति है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने का दावा करने के क्रम में इस पक्ष की अनदेखी की जा रही है कि लोग जीने के लिए जो भोजन कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें कितना सोचना पड़ रहा है। हालत यह है कि निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए भी खाने-पीने के सामान की कीमतें पहुंच से बाहर हो रही हैं। ऐसे में देश की गरीब आबादी के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं, यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है।

# चुहिया का स्वयंवर



गंगा नदी के तट पर एक धर्मशाला थी। वहां एक गुरु जी रहा करते थे। वह दिनभर तप और ध्यान में लीन होकर अपना जीवन यापन करते थे।

एक दिन जब गुरु जी नदी में नहा रहे थे, उसी समय एक बाज अपने पंजे में एक चुहिया लेकर उड़ा जा रहा था। जब बाज गुरु जी के ऊपर से निकला तो, चुहिया अचानक बाज के पंजे से फिसलकर गुरु जी की अंजुली में आकर गिर गई।

गुरु जी ने सोचा कि अगर उन्होंने चुहिया को ऐसे ही छोड़ दिया, तो बाज उसे खा जाएगा। इसलिए, उन्होंने चुहिया को अकेला नहीं छोड़ा और उसे पास के बरगद के पेड़ के नीचे रख दिया और खुद को शुद्ध करने के लिए फिर से नहाने के लिए नदी में चले गए।

नहाने के बाद गुरु जी ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके चुहिया को एक छोटी लड़की में बदल दिया और अपने साथ आश्रम ले गए। गुरु जी ने आश्रम पहुंचकर सारी बात अपनी पत्नी को बताई और कहा कि हमारी कोई संतान नहीं है, इसलिए इसे ईश्वर का वरदान समझ कर स्वीकार करो और इसका अच्छे से लालन-पालन करो।

फिर उस लड़की ने स्वयं गुरु जी की देखरेख में धर्मशाला में पढ़ना-लिखना शुरू कर दिया। लड़की पढ़ने में बहुत होशियार थी। यह देखकर गुरु जी और उनकी पत्नी को अपनी बेट पर बहुत गर्व होता था।

एक दिन गुरु जी को उनकी पत्नी ने बताया कि उनकी लड़की विवाह योग्य हो गई है। तब गुरु जी ने कहा कि यह विशेष बच्ची एक विशेष पति की हकदार है।

अगली सुबह अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए गुरु जी ने सूर्य देव की प्रार्थना की और पूछा "हे सूर्यदेव, क्या आप मेरी बेटी के साथ विवाह करेंगे?"

यह सुनकर लड़की बोली "पिताजी, सूर्य देव पूरी दुनिया को रोशन करते हैं, लेकिन वह असहनीय रूप से गर्म और उग्र स्वभाव के हैं। मैं उनसे शादी नहीं कर सकती। कृपया मेरे लिए एक बेहतर पति की तलाश करें।"

गुरु जी ने आश्चर्य से पूछा, "सूर्य देव से बेहतर कौन हो सकता है?"

इस पर सूर्य देव ने सलाह दी, "आप बादलों के राजा से बात कर सकते हैं। वह मुझसे बेहतर हैं, क्योंकि वह मुझे और मेरे प्रकाश को ढक सकते हैं।"

इसके बाद, गुरु जी ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए, बादलों के राजा को बुलाया और कहा, "कृपया मेरी बेटी को स्वीकार करें। मैं चाहता हूं कि अगर बेटी की स्वीकृति हो, तो आप उससे शादी करें।"

इस पर बेटी ने कहा, "पिताजी, बादलों का राजा काला, गीला और बहुत ठंडा होता है। मैं उससे शादी नहीं करना चाहती। कृपया मेरे लिए एक बेहतर पति की तलाश करें।"

गुरु जी ने फिर से आश्चर्य में पूछा, "भला बादलों के राजा से भी बेहतर कौन हो सकता है?"

बादलों के राजा ने सलाह दी, "गुरुजी, आप हवाओं के भगवान वायुदेव से बात करें। वह मुझसे बेहतर हैं, क्योंकि वह मुझे कहीं भी उड़ा कर ले जा सकते हैं।"

इसके बाद, गुरु जी ने फिर से अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए, वायु देव को बुलाया और कहा, "कृपया मेरी बेटी के साथ विवाह स्वीकार करें। अगर वह आपको चुनती है तो।"

लेकिन बेटी ने वायुदेव से भी विवाह करने से इनकार कर दिया और कहा, "पिता जी, वायु देव बहुत तेज हैं। वह अपनी दिशा बदलते रहते हैं। मैं उनसे शादी नहीं कर सकती। कृपया मेरे लिए एक बेहतर पति की तलाश करें।"

गुरु जी फिर सोचने लगे, "वायुदेव से भी बेहतर कौन हो सकता है?"

इस पर वायु देव ने सलाह दी, "आप पहाड़ों के राजा से इस विषय में बात कर सकते हैं। वह मुझसे बेहतर है, क्योंकि वह मुझे बहने से रोक सकते हैं।"

इस के बाद गुरु जी ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए, पहाड़ों के राजा को बुलाया और कहा, "कृपया मेरी बेटी का हाथ स्वीकार करें। मैं चाहता हूं कि अगर वह आपको पसंद करती है, तो आप उससे शादी करें।"

फिर बेटी ने कहा, "पिता, पहाड़ों के राज बहुत कठोर हैं। वह अचल हैं। मैं उससे शादी नहीं करना चाहती। कृपया मेरे लिए एक बेहतर पति की तलाश करें।"

गुरु जी ने सोचा, "पहाड़ों के राज से भी बेहतर कौन हो सकता है?"

पहाड़ों के राजा ने सलाह दी, "गुरुजी, आप चूहे के राजा से बात करके देखिए। वह मुझसे बेहतर है, क्योंकि वह मुझमें छेद कर सकता है।"

आखिर में गुरु जी ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए चूहे के राजा को बुलाया और कहा, "कृपया मेरी बेटी का हाथ स्वीकार करें। मैं चाहता हूं कि आप उससे शादी करें, अगर वह आपसे शादी करना चाहे।"

जब बेटी चूहे के राजा से मिली, तो वह खुश होकर शादी के लिए राजी हो गई।

गुरु ने अपनी बेटी को एक सुंदर चुहिया के रूप में वापस बदल दिया। इस प्रकार गुरु जी की बेटी चुहिया का स्वयंवर सम्पन्न हुआ।

### कहानी से सीख

जो जन्म से जैसा होता है, उसका स्वाभाव कभी नहीं बदल सकता।

■

## रंग भरो



Jharkhand

# झारखंड चुनाव के बीच रांची में IT की बड़ी कार्रवाई हेमंत सोरेन के PS के घर छापेमारी

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच हेमंत सोरेन को तगड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री के करीबी सुनील श्रीवास्तव और अन्य के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। रांची और जमशेदपुर समेत 9 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से दी है।

सुनील मुख्यमंत्री सोरेन के निजी सलाहकार हैं। आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान आवास की गहन तलाशी ली और दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अहम जांच से जुड़ी है। इससे पहले 14 अक्टूबर को जल जीवन मिशन में हुए घोटाले को



लेकर ईडी की टीम ने हेमंत कैबिनेट के मंत्री मिथलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह सहित कई इंजीनियरों के ठिकानों पर रेड की थी।

बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने जून में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में जमानत दे दी थी। प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी, 2024 को सीएम सोरेन से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद हेमंत सोरेन राजभवन गए और मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने हेमंत सोरेन के करीबी के आवास पर आयकर रेड को लेकर कहा कि यह कार्रवाई केवल विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा, 'झारखंड के लिए यह कोई नई बात नहीं है।

P. Bangal

## बंगाल में टला बड़ा ट्रेन हादसा, तीन कोच पटरी से उतरे, मच गई अफरा-तफरी



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में नालपुर स्टेशन के पास सिकंदराबाद-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कई कोच पटरी से उतर गए। दक्षिण-पूर्व रेलवे के मुताबिक बी1 समेत तीन कोच डीरेल हो गए। रेलवे के सीपीआरओ ओमप्रकाश चरण के मुताबिक इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

उन्होंने बताया, सुबह करी 5 बजकर 30 मिनट पर सिकंदराबाद-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के कुछ कोच मिडल लाइन से खिसककर डाउन लाइन पर चले गए। एक पार्सल वैन और दो यात्री कोच डीरेल हुए हैं। हालांकि किसी को ज्यादा चोट आने की खबर नहीं है। यात्रियों के लिए आगे की यात्रा के लिए 10 बसों की व्यवस्था की गई है

रेलवे ने बताया कि संतरागाछी और खड़गपुर से दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल राहत ट्रेन तुरंत सहायता के लिए रवाना कर दी गई हैं। यात्रियों को कोलकाता लाने के लिए कई बस भी भेजी गई हैं।

बता दें कि बीते पांच सालों में देश में रेल हादसों में 350 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 1000 के करीब लोग घायल हुए हैं। पांच साल में छोटे बड़े करीब 200 ट्रेन हादसे हो चुके हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पिछले महीने कहा था कि 10 साल पहले हर साल करीब 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं जो कि अब घटकर 40 हो गई हैं।

New Delhi

## दिल्ली के वेलकम इलाके में सनसनीखेज वारदात... तीन हमलावरों ने गोली मारकर की युवक की हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के वेलकम इलाके में हुई गोलीबारी (Firing) में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान नदीम के रूप में हुई है, जो जींस बनाने का कारखाना चलाता था. वारदात की जानकारी होते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस के मुताबिक, यह घटना नदीम के घर के पास हुई, जब वह अपने दो दोस्तों के साथ घर लौट रहा था. उसी दौरान तीन अज्ञात हमलावरों ने नदीम को घेर लिया. आशंका जताई जा रही है कि हमलावर नदीम के घर के पास उसका इंतजार कर रहे थे. जैसे ही नदीम अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचा, हमलावरों ने उस पर गोली चला दी. गोली लगने के बाद नदीम गंभीर रूप से घायल हो गया. लोगों ने देखा तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई.इस घटना के दौरान नदीम के साथ आए एक साथी के पैर में भी गोली लगी है, जबकि दूसरा साथी बाल-बाल बच गया. इस दौरान हमलावर अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए.

Uttarpradesh

## फिरोजाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक से जा टकराई सवारियों से भरी बस, 5 की मौत

**फिरोजाबाद, (एजेंसी)** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। SP ग्रामीण फिरोजाबाद अखिलेश भदौरिया ने बताया कि हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल भेजा गया। बस मथुरा से लखनऊ जा रही थी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से बस टकरा गई। हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ। इस हादसे में दो घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बस में मौजूद 17 यात्री घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस यात्रियों के परिवार वालों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है फिरोजाबाद के नसीरपुर थाना क्षेत्र में एक दिन पहले भी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर इसी तरह की दुर्घटना हुई थी। अयोध्या से वृंदावन जा रही एक यात्री बस शुक्रवार को सड़क पर खड़े एक कैंटर से पीछे से टकरा गई थी। उसमें सवार तीन तीर्थयात्रियों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पांच यात्री घायल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया था कि गुजरात से उत्तर प्रदेश की तीर्थ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की बस एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गई। यह बस सड़क पर खड़े एक कैंटर से पीछे से टकरा गई जिससे उसमें सवार आठ यात्री बुरी तरह घायल हो गए थे।

खेल

## पहले टी20 में संजू का टॉप शो, स्पिनर्स के जाल में उलझे मेजबान, भारत ने सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

**डरबन, (एजेंसी)** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को डरबन में खेले गए पहले टी20 मैच में 61 रन से हराकर चार मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने संजू सैमसन की 107 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 17.5 ओवर में 141 रन ही बना सकी। अब टीम इंडिया की नजर दूसरे टी20 पर होगी जो 10 नवंबर को खेला जाएगा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम को पहला झटका पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने दिया। उन्होंने कप्तान एडेन मार्करम को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। इसके बाद आवेश खान ने चौथे ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स को निशाना बनाया। वह भी 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके अलावा रयान रिकलटन भी 21 रन बनाकर




आउट हो गए। 44 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी दक्षिण अफ्रीका को एक लंबी और मजबूत साझेदारी की दरकार थी। ऐसे में हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई, जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने एक ही ओवर में दोनों को आउट किया। क्लासेन 25 और मिलर 18 रन बनाकर रवाना हो गए। इसके अलावा पैट्रिक क्रूगर ने एक, मार्को यानसेन ने 12, एंडिले सिमेलेन ने छह, गेराल्ड कोएत्जी ने 23, केशव महाराज ने पांच और पीटर ने पांच* रन बनाए। भारत के लिए वरुण और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि आवेश खान को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह ने एक विकेट अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार हुई। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 24 रनों की साझेदारी हुई। कोएत्जी ने इस पार्टनरशिप को तोड़ा। उन्होंने अभिषेक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ सात रन बना सके। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव ने संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए संजू के साथ 66 रनों की साझेदारी की। कप्तान 17 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद तिलक वर्मा ने सलामी बल्लेबाज का साथ दिया। दोनों के बीच 77 रनों की पार्टनरशिप हुई। तिलक 33 रन बनाकर आउट हुए। 47 गेंदों में विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने शतक जड़ा। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक है। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। वह 50 गेंदों में 214 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने दो, रिंकू सिंह ने 11, अक्षर पटेल ने सात, रवि बिश्नोई एक और अर्शदीप सिंह ने पांच* रन बनाए।

सिनेमा

## 'दृश्यम 3' और 'शैतान 2' पर अजय देवगन ने लगाई मुहर, 'सिंघम अगेन' के बाद 6 फिल्मों के सीक्वल में मचाएंगे 'धमाल'



अजय देवगन इस वक्त 'सिंघम अगेन' की सफलता का स्वाद चख रहे हैं। मगर बैक-टू-बैक दूसरी फिल्मों का भी ऐलान कर रहे हैं। उनकी फेमस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' और सुपरनैच्युलर मूवी 'शैतान' पर्दे पर धमाल मचा चुकी है। अब वह इसके आगे की कहानी दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि वह 'दृश्यम 3' और 'शैतान 2' पर काम कर रहे हैं। जिसे जानकर फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं और इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, 'पिकविला' से खात बातचीत में इन दोनों फ्रैंचाइजी के बारे में अपडेट दिया। उन्होंने कहा, 'इस समय शैतान 2 लिखी जा रही है। एक टीम दृश्यम की अगली फिल्म पर भी काम कर रही है।' इस दौरान अजय देवगन ने यह भी पुष्टि की कि 'दे दे प्यार दे', 'सन ऑफ सरदार', 'धमाल' और 'गोलमाल' के सीक्वल पर भी काम चल रहा है। अजय देवगन ने कहा, 'यह सीक्वल का समय है। और ऐसा इसलिए है क्योंकि दर्शक जानने के लिए बेताब हैं कि उन्हें अब अगले पार्ट में क्या मिलने वाला है। किरदारों को वह इतना पसंद करते हैं कि उन पर उनका भरोसा कायम हो जाता हैं और दर्शकों को यकीन हो जाता है कि उन्हें बड़े पर्दे पर क्या मिलेगा।' एक्टर ने 'सिंघम अगेन' के 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने के बारे में कहा कि जनता का प्यार है और उनके इसी प्यार से




1. **BJP leaders falsely claim crowd chanted 'Modi' at Trump poll party**
2. **BJP wants country to be run by 2-3 people: Rahul Gandhi**
3. **PM Modi must answer why BJP looted Maharashtra: Aaditya Thackeray**
4. **Hired killer goes to police after not receiving ₹20 lakh payment for murdering woman in UP**
5. **3 coaches of Secunderabad-Shalimar Express derail in West Bengal**

# 'This is naked greed': Zoho's Sridhar Vembu shreds Indian company for firing 660 workers

**NEW DEIHI, (Agency).** In a veiled dig at Chennai-based Freshworks, Zoho founder Sridhar Vembu slammed the company for its "naked greed" after it laid off 660 people in shock layoffs, a day after it announced a $400-million buyback and its shares soared 28%.

While Vembu did not name Freshworks in his X post, he said that a firm with over a billion dollars in the bank is choosing to prioritise shareholders by laying off staff. He said after such a move the company should not expect its workforce to remain loyal.

"A company that has $1 billion cash, which is about 1.5 times its annual revenue, and is actually still growing at a decent 20 percent rate and making a cash profit, laying off 12-13 percent of its workforce should not expect any loyalty from its employees ever. And, to add insult to injury, when it can afford $400 million in a stock buyback," he wrote in a lengthy post on X.



"I can understand the unfortunate reality of layoffs when a business is struggling or declining and making a loss. This is not that situation, this is naked greed, nothing less," he said.

Vembu came down heavily on the company asking if it lacked vision and empathy to make such a move. "Don't you have the vision and imagination to invest $400 million in another line of business where you can deploy those people you hired but you don't want anymore? Are there no such opportunities in tech? Are you so lacking in curiosity, vision and imagination? Are you so lacking in empathy?"

Dennis Woodside, CEO of Freshworks, had announced on November 7 that the company will cut its workforce by 13 percent, which will see around 660 employees being laid off.

The firm, which said the move to increase efficiency, has over 5,000 employees and has conducted multiple rounds of layoffs since 2024.

Interestingly, Freshworks founder Girish Mathrubootham previously worked at Zoho before he started his company in 2010. The companies have been at odds since 2020, after Zoho filed a lawsuit accusing Freshworks of stealing confidential information.

# Industry bodies ask finance ministry to ease TDS rates for Union Budget 2025: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Industry bodies have asked the finance ministry to simplify the rates of tax deducted at source (TDS) for the Union Budget, which will be presented in February next year, Business Standard reported. This was to reduce compliance burden on taxpayers and also avoid litigation.

Why do TDS rates need simplifying?


Under the Income Tax Act, there are currently 37 types of payments to residents, and the TDS rates vary from 0.1% to 30%.




This often ends up in disputes related to categorisation and interpretation, according to the report, which added that cash flows to the industry also end up getting blocked, and the government may be forced to pay interest on refunds.

What are the suggestions of industry bodies?

"The government has made a good start to the simplification process by reducing the TDS rates on several payments from 5 per cent to 2 per cent through Finance (No.2) Act 2024," the report cited FICCI's submission as saying. "Going forward, it is suggested that there be only three rate structures for TDS payments – TDS on salary at the slab rate, TDS on lotteries/online games etc at maximum marginal rate and two standard rates for TDS for different categories."




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक